(प्रेस रिलीज)

**यंग जेनरेशन के रूप में निवेशकों के लिए यूपी सबसे बड़ा बाजारः मा. मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ**

**मा. मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ जी ने मोटो जीपी भारत में हिस्सा लेने आए विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से किया संवाद**

**मा. मुख्यमंत्री ने मोटो जीपी के स्टेक होल्डर्स और ऑर्गनाइजर्स को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए किया आमंत्रित**

**निवेशकों द्वारा किए जाने वाले किसी भी निवेश के लिए उत्तर प्रदेश सरकार हर प्रकार की सुरक्षा और सुविधा प्रदान करेगीः मा. मुख्यमंत्री**

**ग्रेटर नोएडा/लखनऊ, 24 सितंबर, 2023।** उत्तर प्रदेश संभावनाओं वाला प्रदेश है। ये संभावनाएं इंफ्रास्ट्रक्चर में हैं, रोड कनेक्टिविटी में हैं, मेट्रो सेक्टर में हैं, एयर कनेक्टिविटी में हैं, वाटरवेज में हैं और लॉजिस्टिक के क्षेत्र में हैं। उत्तर प्रदेश देश के अंदर इनवेस्टमेंट के बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप में आगे बढ़ रहा है। इसलिए आज मोटो जीपी में जितने भी इस फील्ड के निवेश करने के उत्सुक स्टेक होल्डर्स, ऑर्गनाइजर और अन्य महानुभाव आए हैं, उन सबको आमंत्रित करता हूं कि वे सभी उत्तर प्रदेश की संभावनाओं का लाभ लें। उत्तर प्रदेश न सिर्फ मोटो जीपी जैसे इवेंट के लिए एक बड़ा मार्केट है, बल्कि यहां पर भारत की सबसे यंग जेनरेशन भी है जो आपके लिए एक अवसर होगा अपने निवेश को आगे बढ़ाने का। यह बातें मा. मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ जी ने रविवार को ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित हो रहे मोटो जीपी भारत में हिस्सा लेने आए विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बिजनेस कॉन्क्लेव के अवसर पर कहीं। उन्होंने विश्वास जताया कि निवेशकों द्वारा किए जाने वाले किसी भी निवेश के लिए उत्तर प्रदेश सरकार हर प्रकार की सुरक्षा और सुविधा प्रदान करेगी।

**स्पोर्ट्स सेक्टर पर केंद्र और राज्य दोनों सरकारों का विशेष फोकस**

मा. मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में मोटो जीपी का आयोजन हम सबके लिए उत्साहवर्द्धक है। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है। यह भारत की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक है और कुल आबादी का 56% वर्किंग एज ग्रुप होने के कारण भारत का सबसे युवा राज्य भी है। इसलिए स्पोर्ट्स सेक्टर को न केवल विकसित करने की संभावनाएं उत्तर प्रदेश में हैं बल्कि हमारी सरकार और केंद्र सरकार इस सेक्टर पर विशेष फोकस करते हुए इस प्रकार के इवेंट को आयोजित करने के हर संभव प्रयास कर रही है। इस बात पर प्रसन्नता है कि अब तक मोटो जीपी 2023 के लिए लगभग एक लाख से अधिक टिकटों की बिक्री हो चुकी है। मोटो जीपी रेस का आयोजन वैश्विक ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए आकर्षण का एक केंद्र है। इस आयोजन से प्रदेश में और भारत में ऑटोमोबाइल सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षण में वृद्धि की जो संभावनाएं हैं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगी। बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट को प्रदेश सरकार ने 2011 में विकसित किया था। इस आयोजन के साथ प्रदेश के अंदर जो अनेक संभावनाएं हैं, उन्हें एक लघु फिल्म के माध्यम से आपके सामने प्रस्तुत किया गया। आपने देखा होगा कि उत्तर प्रदेश में क्या संभावनाएं हैं।

**कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर हुआ उल्लेखनीय कार्य**

मा. मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस क्षेत्र में मोटो जीपी का यह इवेंट आयोजित हो रहा है, यह वही सेक्टर है जहां भारत के दो महत्वपूर्ण फ्रेट कॉरिडोर (ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर) का जंक्शन है। यहां पर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर

के साथ ही लॉजिस्टिक और ट्रांसपोर्ट हब के लिए भी कार्यक्रमों को तेजी से आगे बढ़ाने का कार्य हुआ है। इस क्षेत्र में ही प्रदेश सरकार ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल के साथ मिलकर एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट (नोएडा इंटरनेशनल) का निर्माण युद्धस्तर पर कर रही है। प्रदेश के अंदर ही अन्य क्षेत्रों में भी एयर कनेक्टिविटी को बेहतर किया गया है। इनलैंड वाटरवेज वाराणसी-हल्दिया के बीच में प्रारंभ हो चुका है जो प्रदेश के पूर्वी बंदरगाह के साथ बेहतर कनेक्टिवटी को आगे बढ़ा रहा है। प्रदेश के अंदर औद्योगिक अवस्थापना के विकास के लिए अटल इंडस्ट्रीरियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन का शुभारंभ पहले ही हम कर चुके हैं और पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान में प्रदेश के अंदर औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश के लिए एक नया इकोसिस्टम तैयार हुआ है। यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान में उत्तर प्रदेश देश के अंदर कार्य करने वाले अग्रणी राज्यों में एक है।

**निवेश संभावनाओं के लिए प्रदेश में किए गए अनेक रिफॉर्म**

प्रदेश में निवेश के लिए माहौल बनाने के सरकार के प्रयासों की जानकारी देते हुए मा. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के अंदर आज निवेश की बेहतर संभावनाएं बढ़ी हैं। निवेश की इन बेहतर संभावनाओं के लिए प्रदेश को अनेक रिफॉर्म करने पड़े थे। सुरक्षा का एक बेहतर वातावरण देना पड़ा था। प्रदेश के अंदर ईज ऑफ डूईंग की सफलतम रैंकिंग के बाद आज प्रदेश ने टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए जिन कार्यक्रमों का आगे बढ़ाया है उसी का परिणाम है कि आज निवेशकों के किसी भी एमओयू को प्रदेश सरकार निवेश सारथी के माध्यम से मॉनीटरिंग कर रही है और उसके क्रियान्वयन को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाती है। सिंगल विंडो की व्यवस्था हर निवेशक को उपलब्ध कराई जा रही है। निवेश मित्र देश के अंदर सबसे बड़ा पोर्टल है। यह 400 से अधिक सेवाओं को एक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने का काम करता है, जहां तेजी के साथ निवेशकों की समस्याओं का समाधान होता है। निवेश करने वाले हर निवेशक के लिए ऑनलाइन इंसेंटिव पोर्टल का विकास करके यह व्यवस्था की गई है कि इंसेंटिव्स के लिए निवेशक को कहीं भटकना न पड़े। अलग-अलग सेक्टर की 25 सेक्टोरल पॉलिसीज बना कर उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। प्रदेश सरकार ने फरवरी 2023 में लखनऊ में पहले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया था। इसमें दुनिया के एक दर्जन से अधिक देशों ने पार्टनर कंट्री के रूप में अपना योगदान दिया था। इस आयोजन के माध्यम से 36 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

**उत्तर प्रदेश में खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर में हो रहा बड़ा बदलाव**

प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए मा. मुख्यमंत्री ने कहा कि शनिवार को उत्तर प्रदेश और भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विख्यात वाराणसी में भारत के प्रधानमंत्री ने एक इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी है। उत्तर प्रदेश केंद्र सरकार के साथ मिलकर अनेक ऐसे आयोजन कर रहा है, जिसमें हर जिले में एक स्टेडियम का निर्माण करना,विकासखंड स्तर पर एक मिनी स्टेडियम का निर्माण करना, हर ग्राम पंचायत में खेल के मैदान को आगे बढ़ाने के लिए सहयोग करना, हर ग्राम पंचायत में ओपन जिम विकसित करना शामिल है। प्रदेश में महिलाओं और युवकों के बीच में खेल गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए हर ग्राम पंचायत में युवक मंगल दल और महिला मंगल दल गठित किए गए हैं। उन्हें स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराने के कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इसके बेहतरीन परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

-----------------